अक्षर के लिए ये दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछले दो दिनों से वह बहुत बीमार हैं। फ्लू से जूझ रहे हैं। हम उनके जल्द ठीक होने की कामना करते हैं। - फाफ डुप्लेसी

दिल्ली के कार्यवाहक कप्तान, अक्षर पटेल के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

गीता सामोता

सीआईएसएफ की सब इंस्पेक्टर गीता सामोता ने इतिहास रच दिया है। गीता ने दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर चढ़कर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के 56 साल के इतिहास में पहली कर्मचारी बन गई हैं।सीआईएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि गीता सामोता ने सोमवार को 8,849 मीटर ऊंचे पर्वत की चढ़ाई पूरी की। गीता दुनिया की शिखर पर खड़ी थीं और ये एक विजयी क्षण था। ये न केवल व्यक्तिगत जीत का प्रतीक था बल्कि सीआईएसएफ और राष्ट्र के तौर पर भारत के अविश्वसनीय जज्बे और मजबूती का भी प्रतीक था।

क्या आप जानते हैं ?... क्लब और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संयुक्त रूप से 930 से अधिकगोलके साथ, क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब तक के सर्वोच्च गोल स्कोरर हैं।

आयरलैंड ने वेस्टइंडीज को दिया 304 रनों का लक्ष्य

डबलिन, 21 मई। एंडी बैलबर्नी (112) की शतकीय , कप्तान पॉल स्टर्लिंग (54) और हैरी टेक्टर (56) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर आयरलैंड ने बुधवार को पहले एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को जीत के लिए 304 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां वेस्टइंडीज के कप्तान शे होप ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड के लिए एंडी बैलबर्नी और कप्तान पॉल स्टर्लिंग की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 109 रन जोड़े। 23वें ओवर में रॉस्टन चेज ने पॉल स्टर्लिंग को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। पॉल स्टर्लिंग ने दो छक्के और छह चौके लगाते हुए (54) रन बनाये। दूसरे विकेट के रूप में कैड कारमाइकल (16) रन बनाकर आउट हुये। 44वें ओवर में एंडी बैलबर्नी को जोसेफ ने आउट किया। एंडी बैलबर्नी ने नौ चौके और चार छक्के लगाते हुए शानदार (112) रनों की शतकीय पारी खेली। 48वें ओवर में हैरी टेक्टर (56) रन बनाकर आउट हुये। आयरलैंड का पांचवां विकेट लोर्कान टकर (30) के रूप में गिरा। इसके बाद जॉर्ज डॉकरेल (एक) रन बनाकर आउट हुये। आयरलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 303 रनों का स्कोर खड़ा किया। वेस्टइंडीज की ओर से मैथ्यू फोर्ड ने तीन और अल्जारी जोसेफ ने दो विकेट लिये। रॉस्टन चेज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

रेणुकाचार्य होदमानी और दीक्षा यादव ने तैराकी स्पर्धा में जीते स्वर्ण पदक

दीव, 21 मई। कर्नाटक के रेणुकाचार्य होदमनी और महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने बुधवार को पुरुष और महिला वर्ग की 10 किमी खुले पानी की समुद्री तैराकी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। आज यहां कर्नाटक के रेणुकाचार्य होदमानी और महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने अरब सागर में आयोजित 10 किमी ओपन स्पर्धाओं में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। रेणुकाचार्य ने दो घंटे नौ मिनट और 40 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं दीक्षा ने दो घंटे 18 मिनट और नौ सेकंड का समय लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्वर्ण पदक विजेता 17 वर्षीय रेणुकाचार्य ने सात साल की उम्र में तैराकी शुरू की थी, लेकिन तीन साल पहले ही उन्होंने ओपन वॉटर में कदम रखा। सामान्य तैराकी और ओपन स्पर्धा के बीच अंतर पर उन्होंने कहा, हम पूल में पानी को साफ देख सकते हैं, लेकिन ओपन वॉटर में हमें सामने देखना पड़ता है और सांस लेनी पड़ती है। इससे गर्दन पर थोड़ा दबाव पड़ता है, लेकिन यह ठीक है। छोटे पूल में तैरना और यहां ओपन में आना रोमांचक रहा है। दीक्षा भी बहुत कम समय के लिए ओपन कॉम्पिटिटिव तैराकी में शामिल हुई हैं। महाराष्ट्र की इस 19 वर्षीय लड़की ने बताया, ओपन स्विमिंग में यह मेरा दूसरा साल है और मुझे बहुत मजा आया। अरब सागर में तैरना मजेदार था, लेकिन कुछ पल ऐसे भी आए जब आने वाली लहरों के कारण मुझे देखने में दिक्कत हो रही थी। इसके अलावा, जेलीफिश के डंक भी लगे।

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हुए जोफ्रा आर्चर

नई दिल्ली, 21 मई। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। वे में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए इंजर्ड हो गए थे, उन्हें सीधे हाथ के अंगूठे में चोट लगी। जिससे वे अब तक उबर नहीं सके और इंटरनेशनल सीरीज से बाहर हो गए। आर्चर को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम में चुना गया था। सीरीज 29 मई से शुरू होगी। आर्चर की जगह ल्यूक वुड को स्क्वॉड में जगह मिली है। ईसीबी ने इंडिया-ए के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड लांयस टीम भी अनाउंस कर दी। 4 मई को इंजर्ड हुए थे राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज आर्चर कोलकाता के खिलाफ 4 मई को मैच के दौरान इंजर्ड हो गए थे। उन्हें सीधे हाथ के अंगूठे में चोट लगी। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव के बाद आईपीएल को 8 दिन के लिए रोका गया। आर्चर ने राजस्थान के लिए 12 लीग मैचों में 11 विकेट लिए। हालांकि, उनकी टीम 14 में से 4 ही मुकाबले जीत सकी और 8 पॉइंट्स के साथ नंबर-9 पर रही।

प्रो कबड्डी लीग नीलामी में रिकॉर्ड 10 बंगलादेश खिलाड़ी शामिल

ढाका, 21 मई। भारत के मुम्बई में 31 मई और एक जून को होने वाली प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की नीलामी के लिए बंगलादेश के 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। प्रो कबड्डी लीग का नया सीजन अगस्त 2025 में शुरू होगा और लीग में रिकार्ड 10 खिलाड़ियों का शामिल होना बंगलादेश का कबड्डी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बंगलादेश कबड्डी महासंघ ने 20 मई की समय सीमा से पहले 10 खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत कर दिया है। महासंघ के अनुसार, पीकेएल नीलामी में विचार के लिए प्रस्तुत बंगलादेशी खिलाड़ियों की यह अब तक की सबसे अधिक संख्या है। चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं:- मिजानुर रहमान, लिटन अली, आरिफ रब्बानी, रसेल हसन, राजीब अहमद, रोमन हुसैन, दीपायोन गोल्डार, मोनिरुल चौधरी, अल अमीन और शाह मोहम्मद शाहन। पीकेएल नीलामी के लिए मांगे गए खिलाड़ियों की संख्या के मामले में बंगलादेश, ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है।

दिल्ली कैपिटल्स को 59 रनों से हराकर मुम्बई इंडियंस प्लेऑफ में

मुम्बई, 21 मई। सूर्यकुमार यादव (नाबाद 73) और नमन धीर (नाबाद 24) की विस्फोटक पारियों के बाद जसप्रीत बुमराह और मिचेल सैंटनर (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत मुम्बई इंडियंस ने बुधवार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 63वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 59 रनों से हराकर प्लेऑफ में जगह बना ली है।

181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 27 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। कप्तान फाफ डुप्लेसी (छह), के एल राहुल (11) और अभिषेक पोरेल (छह) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये समीर रिजवी और विप्रज निगम ने पारी को संभालने का प्रयास किया। आठवें ओवर में मिचेल सैंटनर ने विप्रज निगम (20) को अपनी ही गेंद पर कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। ट्रिस्टन स्टब्स (दो) रन को जसप्रीत बुमराह अपना शिकार बनाया। 15वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने समीर रिजवी (39)

को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। इसी ओवर में उन्होंने आशुतोष शर्मा(18) भी आउटकर दिल्ली के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। दिल्ली कैपिटल्स का नौवां विकेट कुलदीप यादव (सात) के रूप में गिरा। 19वें ओवर की दूसरी गेंद पर बुमराह ने मुस्तफिज़ुर रहमान (शून्य) को बोल्ड कर अपनी टीम को प्लेऑफ में जगह दिला दी। दिल्ली कैपिटल्स की पूरी टीम 18.2 ओवर में 121 रन पर ढ़ेर हो गई।

मुम्बई इंडियंस के लिए मिचेल सैंटनर ने चार ओवर में 11 रन देकर तीन विकेट लिये। जसप्रीत बुमराह ने 3.2 ओवर में 12 रन देकर तीन विकेट झटके। ट्रेंट बोल्ट, विल जोक्स और दीपक चाहर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां दिल्ली कैपिटल्स के कार्यवाहक कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत खराब रही और एक के बाद एक उसने 58 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। तीसरे ओवर में मुस्तफिजुर ने रोहित शर्मा (पांच) को आउटकर मुम्बई को पहला झटका दिया। इसके बाद विल जैक्स (21) मुकेश शर्मा का शिकार बने। सातवें ओवर में रायन रिकलटन (25) को कुलदीप यादव ने आउट किया।

चौथे बल्लेबाज के रूप में मैदान में उतरे सूर्यकुमार यादव ने पारी को संभालने का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान तिलक वर्मा (27) और उसके बाद कप्तान हार्दिक पंड्या (तीन) रन बनाकर आउट हुये।

इंग्लैंड दौरे के लिए बीसीसीआई स्क्वॉड और नए टेस्ट कप्तान के नाम की घोषणा 24 को

नई दिल्ली, 21 मई। अगले महीने 20 जून से भारत के इंग्लैंड दौरे का आगाज होने जा रहा है। इस टूर पर भारतीय टीम की अगुवाई कौन करेगा? साथही किन खिलाड़ियों को इस दौरे के लिए टीम में शामिल किया जाएगा? इस तरह के कई सवालों के जवाब का इंतजार फैंस को बेसब्री से है। हालांकि, ये इंतजार अब ज्यादा लंबा नहीं होने वाला है। दरअसल, भारत के इंग्लैंड दौरे के स्क्वॉड के ऐलान को लेकर संभावित तारीख सामने आई है।बीसीसीआई 24 मई को स्क्वॉड और नए भारतीय टेस्ट कप्तान के नाम की घोषणा कर सकता है। वहीं रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को चयन बैठक के बाद इसकी घोषणा की जा सकती है और प्रेस कॉन्फ्रेंस भी होने की उम्मीद है। सूत्रों के अनुसार ऐलान 12 बजे के आसपास हो सकता है।रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद से ही भारत नए टेस्ट कप्तान की तलाश में है। तब से, जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और ऋषभ पंत जैसे कई लोगों के नाम इस पद के लिए संभावित उम्मीदवारों के रूप में सामने आए हैं। हालांकि, रिपोर्ट्स में कहा गया है कि बुमराह ने इस दौड़ से हटने का फैसला किया है जिससे गिल और पंत सबसे आगे चल रहे हैं।

बीसीसीआई का नया फैसला केकेआर को नहीं आया पसंद, उठाए सवाल

कोलकाता, 21 मई। कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के बीच में खेल की शर्तों में बदलाव के लिए बीसीसीआई के निर्णय पर सवाल उठाया है। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने बताया कि उन्होंने आईपीएल के सीओओ हेमांग अमीन को एक लेटर भेजा है, जिसमें बोर्ड के निर्णय पर आपत्ति जताई गई है कि एक पूर्ण खेल को पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय को 60 मिनट से बढ़ाकर 120 मिनट किया गया है।मैसूर ने अमीन को पत्र लिखने का कारण 17 मई को आरसीबी के खिलाफ बारिश में रद्द हुआ मैच बताया, जिसने उनके प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाओं को गंभीर रूप से प्रभावित किया। उनका मानना है कि उस रात 120 मिनट का अतिरिक्त समय कम से कम पांच ओवर प्रति पत्र मुकाबले की संभावना पैदा कर सकता था।

बीसीसीआई ने बदला नियम : ये वही दिन था जब आईपीएल एक हफ्ते के लिए भारत-पाकिस्तान संघर्ष के कारण निलंबित होने के बाद पुन:प्रारंभ हुआ। बीसीसीआई ने मंगलवार को प्लेऑफ के लिए आरक्षित होती है, लेकिन देश के कुछ हिस्सों में मानसून के प्रभाव को देखते हुए फैसला लिया गया है। बीसीसीआई ने कहा कि प्लेऑफ चरण के समान शेष लीग चरण के मैचों के लिए अतिरिक्त एक घंटे का आवंटन किया जाएगा जो मंगलवार से शुरू होगा।

बीसीसीआई ने फाइनल की मेजबानी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को सौंपी है। यही मैदान प्लेऑफ के क्वालिफायर-2 की मेजबानी करेगा। इसके अलावा पंजाब किंग्स का घरेलू मैदान मुल्लांपुर पहले क्वालिफायर के साथ-साथ एलिमिनेटर मैच की मेजबानी करेगा।

फ्लेमिंग ने युवा खिलाड़ियों के सिर फोड़ा सीएसके की हार का ठीकरा

नई दिल्ली, 21 मई। आईपीएल की शुरुआत से ही चेन्नई सुपर किंग्स ने अपनी निरंतरता और उत्कृष्टता से सभी को प्रभावित किया है। पांच खिताब, कई प्लेऑफ और सबसे बड़ी बात ये कि जिन सीजनों में चेन्नई सुपर किंग्स ने हिस्सा लिया उनमें कभी भी लगातार दो साल तक वे फाइनल में पहुंचने से चूके नहीं। हालांकि, 2025 का सीजन इस ने एक अप्रत्याशित मोड़ लेकर आया, जब सीएसके न केवल प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गई। बल्कि पहली बार पॉइंट्स टेबल में सबसे निचले पायदान पर पहुंचने का खतरा मंडराने लगा।2024 की निराशा 2025 में भी जारी रही। दिल्ली में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सीएसकेको मिला 6 विकेट की हार के बाद, मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने अपनी नाराजगी छिपाई नहीं। पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि, हमारा इस सीजन का प्रदर्शन ऐसा ही रहा है, जैसा कि तालिका में हमारी स्थिति दर्शाती है। हम इससे बच नहीं सकते। लेकिन हम बेहतर प्रदर्सन करना चाहते हैं जो हमारी टीम की क्षमता को दर्शाए। मैचों में युवा खिलाड़ियों के शामिल होने से बल्लेबाजी में कुछ तेजी आई, लेकिन फिर भी बल्लेबाजी क्रम में कई खामियां साफ दिखाई देती हैं। आयुष म्हात्रे और डेवाल्ड ब्रेविस जैसे युवा खिलाड़ियों ने भविष्य के लिए उम्मीद जगाई है लेकिन उन्हें बाकी बल्लेबाजों से ज्यादा समर्थन की जरूरत है।

एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत मलेशिया मास्टर्स के अगले दौर में, सिंधु बाहर

बुकित जलील (मलेशिया), 21 मई। एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को पुरुष वर्ग में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्जकर मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। वही भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से हारकर महिला एकल वर्ग से बाहर हो गईं।

आज यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी में खेले गये मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को शुरुआती गेम में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे गेम में अच्छा प्रदर्शन करते हुए वह मैच को तीसरे गेम तक ले जाने में कामयाब रहीं।

एक घंटे तीन मिनट तक चले महिला

एकल वर्ग मुकाबले में वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह ने आखिरी गेम पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21, 21-15 से हराकर मैच जीत लिया। पीवी सिंधु के खिलाफ चार मैचों में गुयेन थुई लिन्ह की यह दूसरी जीत है। भारत के पुरुष खिलाड़ियों का कोर्ट पर अच्छा दिन रहा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणॉय ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के केंटा निशिमोटो को मात दी। पहला गेम हारने के बावजूद एचएस प्रणॉय ने अगले दो गेम में वापसी करते हुए केंटा निशिमोटो को मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। एक अन्य मैच में किदांबी श्रीकांत ने भी चीन के लू गुआंगज़ू को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। पुरुष एकल रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी और छठे वरीय लू गुआंगज़ू को 23-21,13-21, 21-11 से हराया। सतीश करुणाकरण ने भी चीनी ताइपे के चोउ टिएन-चेन को 21-13,21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

गुजरात जायंट्स ने जयवीर को बनाया टीम का मुख्य कोच

अहमदाबाद, 21 मई। गुजरात जायंट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 के लिए 31 मई और एक जून को होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी से पहले बुधवार को कोचिंग सदस्यों में बदलाव करते हुए दिग्गज जयवीर शर्मा को मुख्य कोच और वरिंदर सिंह संधू को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया। अडानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स ने नए सीजन से पहले रणनीतिक बदलाव करते हुए यह नियुक्तियां की है। जयवीर भारतीय कबड्डी में सबसे सम्मानित हस्तियों में से एक हैं। वह 1992 से भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के साथ काम कर रहे हैं, कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ियों के करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं।

गुजरात टाइटंस की नजर शीर्ष स्थान पर, लखनऊ उतरेगा सत्र का सकारात्मक अंत करने

अहमदाबाद, 21 मई। प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी गुजरात टाइटन्स गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत दर्ज कर आईपीएल-25 की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत करने मैदान में उतरेगी। वहीं क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो चुकी लखनऊ लीग सत्र का सकारात्मक अंत करना चाहेगी।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस ने पिछले छह मैचों में पांच जीत दर्ज करते हुए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल के इस सत्र में गिल और साई सुदर्शन ने 12 पारियों में 76.3 की औसत से कुल 839 रन बनाए हैं। वह आईपीएल इतिहास में एक सत्र में किसी भी जोड़ी द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रनों (939) के रिकॉर्ड को तोड़ने से महज 100 रन दूर है। गुजरात टाइटंस की हरफनमौला ताकत उसके खिताब जीतने ललक को दिखाती है। बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर खेलते हुए जॉस बटलर ने ओपनिंग और मध्यक्रम में खेलते हुए 11 पारियों में 71.4 की औसत और 164 के स्ट्राइक रेट से 500 रन बनाए हैं। दूसरी ओर ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ ने निराशाजनक सीजन का सामना किया है। पंत ने पूरे सत्र की 11 पारियों में 12.3 की औसत से मात्र 135 रन बनाए हैं। मैच जीतने के लिए उनका फॉम हासिल करना जरुरी है। एडन मारक्रम और मिशेल मार्श के बीच 115 रनों की जुझारू साझेदारी के बावजूद टीम खराब गेंदबाजी और सामरिक चूक के कारण प्रतिस्पर्धी स्कोर का बचाव करने में विफल रही। लखनऊ का मध्य क्रम दबाव में लड़खड़ता रहा है। निकोलस पूरन और आयुष बड़ोनी ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उसने में निरंतरता की कमी रही। लखनऊ ने इस सत्र अपने तीन शीर्ष विदेशी बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा किया और शुरुआत में उन्हें इसका लाभ हुआ।

रोहन राजभर के शतक व प्रखर शर्मा के पंजे से जीता जयपुर

जयपुर, 21 मई। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित एकदिवसीय सीरीज के तहत उदयपुर के साथ खेले गए तीसरे मैच में जयपुर ए टीम ने उदयपुर को 102 रनों से हराया। के एल सैनी स्टेडियम पर उदयपुर ने टॉस जीतकर पहले जयपुर को बल्लेबाजी करने के आमंत्रित किया। जयपुर ने रोहन राजभर के शतक 102 रन, भावित कुमावत के 56 रन, राज शर्मा के 30 रन, करण लांबा के 14 रन, राहुल चौधरी के नाबाद 16 रन व मानेंद्र सिंह के 15 रनों से 40 ओवर में 6 विकेट पर 259 रन बनाए। उदयपुर के लिए निखिल शुक्ला ने 52 पर 4 व मोहम्मद जफर ने 46 पर एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में उदयपुर की टीम प्रखर शर्मा के 41 पर 5 व दीपक चौधरी के 36 पर 4 विकेट की घातक गेंदबाजी के सामने 33.5 ओवर में 157 रनों पर सिमट गई। उदयपुर के लिए पुष्पेंद्र सिंह ने 36 रन, अनिरुद्ध सिंह ने 20 रन, मोहम्मद जफर ने 41 रन बनाए। आज श्रीगंगानगर की टीम से जयपुर की बी टीम से मैच खेला जाएगा।

नीरज के. पवन ने जय क्लब में नवनिर्मित पिकल बॉल कोर्ट का उद्घाटन किया

जयपुर, 21 मई । सी-स्कीम स्थित जय क्लब में दिनांक 21.05.2025 को क्लब प्रांगण में नवनिर्मित पिकल बॉल कोर्ट का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ. नीरज के. पवन (आई.ए.एस.) शासन सचिव, खेल एवं युवा मामलात, राजस्थान सरकार, जयपुर के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि करण सिंह शेखावत, अध्यक्ष -राजस्थान पिकल बॉल व राजेंद्र सिंह सिसोदिया थे। इस अवसर पर जय क्लब के मनोज दासोत-सचिव, राजीव नागोरी-संयुक्त सचिव प्रशासन, संजय अजमेरा-संयुक्त सचिव स्पोर्ट्स व क्लब कार्यकारिणी के सदस्यगण, रोबिन काला, विकास जैन, पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़, संजीव जैन, सिद्धार्थ शर्मा, धीरज विजयवर्गीय, व क्लब के कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। मुख्य

अतिथियों का माल्यार्पण कर व गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट किये गए।

मुख्य अतिथि डॉ. नीरज के. पवन ने अपने उद्बोधन में बताया कि वर्तमान में पिकल बॉल का क्रेज तेजी के साथ बढ़ रहा है। जय क्लब अब सभी खेल सुविधाओं से युक्त हो गया है। जय क्लब खेलों के नाम से प्रसिद्द है। खेलों को आगे बढ़ाने में क्लब को जो भी सहयोग होगा वो हमारे विभाग की और से किया जायेगा। क्लब सचिव मनोज दासोत ने बताया की जय क्लब को हम सभी प्रकार के खेलों का एक बहुत बड़ा हब बनाएंगे।

बीसीसीआई का मतलब मोदी : तनवीर अहमद

नई दिल्ली, 21 मई। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का असर दोनों देशों के लोगों पर भी दिखा था। भारतीय सेना के कड़े रुख के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी भारत के खिलाफ जहर उगलते हुए नजर आए थे। अब पाकिस्तान का एक अन्य पूर्व क्रिकेटर भी भड़काऊ भाषण देने के कारण चर्चा में आ गया है। दरअसल, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारतीय टीम एशिया कप 2025 में नहीं खेलेगी। हालांकि, बीसीसीआई ने इन सभी दावों को खारिज कर दिया है। इस बीच तनवीर अहमद के बीसीसीआई पर बयान ने बवाल मचा दिया है। तनवीर अहमद ने जहर उगलते हुए कहा कि, बीसीसीआई ने एशिया कप खेलने से मना कर दिया है। बीसीसीआई मतलब मोदी। बीसीसीआई रोट खाने, पानी पीने के लिए भी जैसे मोदी से पूछता है, खासतौर पर पाकिस्तान के मामले में।

लविशा का भारतीय वॉलीबाल टीम प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन

उदयपुर, 21 मई। राजस्थान में उदयपुर के सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा लविशा डाँगी का बालिका वर्ग के अन्डर-16 में भारतीय वॉलीबॉल टीम के प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ है। उप प्रधानाचार्य अनिल गोस्वामी ने बताया कि उदयपुर से इस शिविर के लिए चयनित होने वाली लविशा एकमात्र छात्रा है। समस्त देश से मात्र 20 खिलाड़ियों का चयन लविशा एवं विद्यालय ही नहीं, अपितु शहर के लिए भी गर्व का विषय है। वॉलीबॉल कोर्ट में सेंटर अटेकर की पोजीशन पर अपने खेल को नयी ऊँचाइयों पर पहुँचाने वाली लविशा प्रतिदिन आठ घंटे की कड़ी मेहनत करती है। पिछले दो सालों से लविशा ने लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं में अनेक पदक प्राप्त किए हैं।

27वीं नवीन-नफीस ईनामी राशि लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता

नैना एकेडमी की जीत में रोविन का नाबाद शतक तथा भरत 95 रन शतक से चूका

जयपुर, 21 मई। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज नैना क्रिकेट ग्राउण्ड, जगतपुरा, जयपुर पर खेले गये पूल जी के मैच में रोविन सिंह 108 रन नाबाद (54 गेंद 10 चौके, 7 छक्के), भरत शर्मा 95 रन (36 गेंद, 7 चौके 10 छक्के) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत नैना क्रिकेट एकेडमी ने एलिट स्पोर्टस एकेडमी को 154 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये नैना एकेडमी के रोविन सिंह 108 रन नाबाद (54 गेंद 10 चौके, 7 छक्के), भरत शर्मा 95 रन (36 गेंद. 7 चौके 10 छक्के) ने मिलकर 10.2 ओवर में 148 रन जोड़कर शानदार शुरूआत की। भरत शर्मा के आउट होने के बाद रोविन सिंह ने अजय बेनीवाल 17 रन के साथ मिलकर 4 ओवर में 48 रन जोडे ओर शुभम मीणा 20 रन नाबाद के साथ मिलकर अपनी टीम को बड़े स्कोर की दिशा की ओर ले गये ओर निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 264 रन बनाये। गेंदबाजी में एलिट स्पोर्ट्स एकेडमी की ओर से शुभम

शर्मा 38 रन पर 2 विकेट, आरव चौधरी 37 रन पर 2 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे।

जवाबी पारी में एलिट स्पोर्टस एकेडमी के रोविन सिंह 47 रन व गर्वित राज 20 रन को छोडकर एलिट स्पोर्टस एकेडमी को कोई भी बल्लेबाज ढाई की संख्या को भी नहीं छू सका और पूरी टीम 20 ओवर में 110 रन बनाकर सिमट गई। गेंदबाजी में नैना एकेडमी की ओर से नितिन सिंघल 17 रन पर 2 विकेट तथा राजेश जाट, मोहित गुप्ता, पुनित कुमार, शुभम मीणा, रोविन सिंह प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहे। मैन ऑफ मैच रोविन सिंह 108 रन नाबाद व 5 रन पर 1 विकेट नैना क्रिकेट एकेडमी रहे।

धनंजय सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से इस्तीफे की जानकारी दी

जयपुर, 21 मई। धनंजय सिंह खींवसर ने सोशल मीडिय के माध्यम से जानकारी दी कि उन्होंने 28 मार्च 2025 को नागौर जिले के सभी दायित्वों से विधिवत रूप से इस्तीफा दे चुका हूं, और इसका विवरण उप पंजीयक, सहकारिता विभाग, जिला खेल अधिकारी, एवं नागौर क्रिकेट एसोसिएशन सचिव नांदू सहित सभी संबंधित प्राधिकरणों को मेरे निजी सचिव हिम्मत सिंह द्वारा लिखित रूप में व्यक्तिगत रूप से सौंपा जा चुका है। नागौर क्रिकेट एसोसिएशन सचिव आर एस द्वारा पत्र लेने से स्पष्ट मना कर दिया गया था।

धनंजय सिंह खींवसर

उत्तर भवन

दिनांक: 28 मार्च 2025

सेवा में,
सचिव
नागौर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन,
नागौर (राज.)

विषय: नागौर क्रिकेट संघ एवं सम्बराज्ज क्रिकेट क्लब नागौर के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र

महोदय,

मलिखित निवेदन है कि मैं, धनंजय सिंह खींवसर, वर्तमान में नागौर क्रिकेट संघ एवं सम्बराज्ज क्रिकेट क्लब नागौर के अध्यक्ष पद पर कार्यरत हूं। किन्तु कुछ अपरिहार्य कारणवश मैं इन दोनों पदों से अपना त्यागपत्र देने के लिए विवश हूं।

यह निर्णय मेरे लिए अत्यंत कठिन रहा है, क्योंकि इन पदों पर रहते हुए मुझे जिले के क्रिकेट विकास हेतु कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आपके सहयोग और संघ एवं क्लब के सभी सदस्यों के साथ बिताया गया समय मेरे लिए अमिट स्मरणीय रहेगा।

मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि मेरा इस्तीफा 28 मार्च 2025 से प्रभावी मानते हुए सहीकार किया जाए एवं आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण की जाए। भविष्य में भी मेरी शुभकामनाएँ सदैव संघ एवं क्लब के साथ रहेंगी और जब भी आवश्यकता होगी, मैं हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर रहूँगा।

आपके स्नेह व सहयोग हेतु हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ।

धनंजय सिंह खींवसर
पूर्व मंत्री
अध्यक्ष, क्रिकेट संघ, नागौर

प्रतिलिपि:
1. उप रजिस्ट्रार महोदय, सहकारी समितियाँ, जिला नागौर (राज.)
2. जिला खेल अधिकारी, नागौर (राज.) को त्यागपत्र की प्रति सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है
3. संयोजक, तदर्थ समिति, राजस्थान क्रिकेट संघ, जयपुर
4. सचिव, जिला क्रिकेट संघ, नागौर
5. सचिव, सम्बराज्ज क्रिकेट क्लब, नागौर

उत्तर भवन, पद्म कॉलोनी, पी.ओ. सीलवा, जिला नागौर, 341025 (राज.)
+91 75000-42000/ 44000/ 46000/ 48000 office@dhananjaysingh.com

धनंजय सिंह खींवसर

उत्तर भवन

दिनांक: 28 मार्च 2025

सेवा में,
सचिव
नागौर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसो